## जनसुनवाई में सुनी आमजनों की समस्याएं



**बड़वानी।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जगदीश डावर के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक धीरज बब्बर द्वारा मंगलवार को जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई के दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों ने शिकायतें एवं समस्याएं सुनाई। जिन्हें एसपी द्वारा सुना गया। उन्होंने शिकायतकर्ताओं को शिकायतों पर शीघ्र वैधानिक एवं पारदर्शी कार्रवाई किए जाने का आश्वासन दिया।साथ ही जनसुनवाई में प्राप्त सभी शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के लिए संबंधित थाना प्रभारियों एवं अनुविभागीय अधिकारियों को 7 दिन में कार्रवाई पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

## रासेयो के सात दिवसीय शिविर का उद्घाटन



**बड़वानी।** राष्ट्रीय सेवा योजना का 7 दिवसीय शिविर का आयोजन मेरा युवा भारत और डिजिटल साक्षरता थीम पर शहीद भीमानायक की प्रेरणा स्थल धाबाबावड़ी पर 19 जनवरी से प्रारंभ हुआ है। शिविर के उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में रविंद्र कुलकर्णी समाजसेवी और जिला मंत्री भाजपा, विशेष अतिथि भूपेंद्र जाट मंडल अध्यक्ष बड़वानी ग्रामीण, विशेष रूप से उपस्थित विशिष्ट अतिथि डॉ आरएस मुजाल्दा जिला संगठक रासेयो प्राचार्य डॉ प्रमोद पंडित आदर्श महाविद्यालय प्रो रविंद्र चौहान शाविधि महाविद्यालय, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ बीएस मुजाल्दा उद्घाटन में अर्जुन चौहान ने अध्यक्षता की। विद्यार्थियों द्वारा अपने ग्राम की विशेषता और समस्या पर श्रेष्ठ निबंध लिखने वाले को सांसद की ओर से 5000 का नगद पुरस्कार दिया जाएगा, जो समापन अवसर पर भेंट किया जाएगा। ये शिविर के विद्यार्थियों के लिए रहेगा। कार्यक्रम अधिकारी प्रो आरआर मुवेल और डॉ सुनील कुल्हारे ने उद्घाटन की जानकारी देते हुए कहा कि शिविर में 7 दिन के लिए परियोजना कार्य, सांस्कृतिक, बौद्धिक कार्यक्रम होंगे।

## जिला स्तरीय पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता 25 को

**बड़वानी।** जिला स्तरीय पावरलिफ्टिंग चैम्पियनशिप जिला स्तरीय पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता 25 जनवरी सुबह 10 बजे सरलम वाटिका झमडिया गार्डन में होगी। फिटवेल जिम संचालक मनीष गुप्ता ने बताया कि यह प्रतियोगिता महिला व पुरुष सीनियर वर्ग में अलग-अलग वेट ग्रुप में होगी। विजेता खिलाड़ी आगामी 13 फरवरी को सीहोर में राज्य स्तरीय पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में भाग लेंगे।

# एसआइआर के बाद मतदाता सूची में बड़ी गड़बड़ी, निराकरण प्रक्रिया धीमी

### 4506 नाम नो मैपिंग में अटके, सुधार प्रक्रिया सुस्त, 2 .93 लाख नोटिस में अब तक सिर्फ 6364 जारी, कलेक्टर ने दिए निर्देश

**बड़वानी, ( नवभारत )।**
विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) के बाद जिले की मतदाता सूची में सामने आई अव्यवस्थाएं चिंता का विषय बनती जा रही हैं। जिले में 4506 मतदाताओं के नाम नो मैपिंग श्रेणी में पहुंच चुके हैं, लेकिन इनके निराकरण की प्रक्रिया बेहद धीमी है। स्थिति यह है कि जिलेभर में 2 लाख 93 हजार 577 मतदाताओं को नोटिस जारी किए जाने हैं, जबकि अब तक केवल 6364 नोटिस ही जारी हो सके हैं। इस कारण बड़ी संख्या में मतदाता असमंजस और परेशानी में हैं। इधर सोमवार को हुई टीएल बैठक में एसआईआर-2026 को लेकर कलेक्टर जयतिसिंह ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि नो मैपिंग वाले मतदाताओं को नियमानुसार नोटिस जारी कर लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण किया जाए। साथ ही कॉलेजों में स्वीप गतिविधियों के माध्यम से फॉर्म-6 पंजीकरण में तेजी लाने के निर्देश भी दिए गए।



मतदाता सूची की तस्वीर लगातार बिगड़ती नजर आ रही है। कहीं पति का नाम सूची में दर्ज है, लेकिन पत्नी का नाम गायब है। कहीं माता-पिता के नाम मौजूद हैं, पर बेटा-बेटियों के नाम सूची में नहीं मिल रहे। सबसे गंभीर बात यह है कि कुछ जीवित मतदाताओं के नाम मृत बताकर हटा दिए गए हैं। कई परिवारों में एक ही घर के कुछ सदस्यों के नाम मतदाता सूची में बने हुए हैं, जबकि अन्य के नाम काट दिए गए हैं। इससे न केवल मताधिकार प्रभावित हो रहा है, बल्कि लोगों का भरोसा भी व्यवस्था से उठने लगा है। आंकड़ों पर नजर डालें तो नो मैपिंग श्रेणी में आए 4506 मतदाताओं में से अब तक सिर्फ 971 नाम ही जांच के बाद मैपिंग में मान्य हो पाए हैं। अब तक जारी 6364 नोटिसों में से 1246 के जवाब प्राप्त हुए हैं, जबकि 5118 नोटिसों के जवाब लंबित हैं। वहीं 2 लाख 87 हजार 213 नोटिस अभी जारी होना शेष हैं। नाम जोड़ने और काटने की प्रक्रिया की धीमी गति के कारण लाखों मतदाता असमंजस की स्थिति में हैं और बीएलओ से लेकर तहसील व निर्वाचन कार्यालय तक चक्कर लगाने को मजबूर हैं।

#### मतदाता और बीएलओ ये बोले

ग्रामीण क्षेत्रों में ये परेशानी साफ झलक रही है। तहसील बड़वानी के ग्राम गोठानिया की शंतूबाई ने बताया कि एसआईआर के तहत उनका नाम नो मैपिंग सूची में दर्शाया गया है। नोटिस मिलने पर वे वर्ष 2003 की मतदाता सूची से जुड़े दस्तावेज लेकर सोमवार को एसडीएम कार्यालय में सुनवाई के लिए पहुंची। उन्होंने बताया कि उनका नाम 2003 में उनके पिता के गांव राजपुर तहसील के टेमला बुजुर्ग में दर्ज था।

गोठानिया की मीनाक्षी वास्कले ने बताया कि उनका नाम नई मतदाता सूची से कट गया है। वे आधार कार्ड, राशन कार्ड और 2003 की मतदाता सूची की जानकारी लेकर तहसील कार्यालय पहुंची। उनके साथ गांव के अन्य महिला-पुरुष और बीएलओ भी मौजूद रहे। गोठानिया गांव के बीएलओ मुलायमसिंह मुजाल्दे ने बताया कि उनके गांव के 23 लोगों के नाम नो मैपिंग सूची में दर्ज हैं, जिनके लिए एसडीएम बड़वानी भूपेन्द्र रावत द्वारा नोटिस जारी किए गए थे। सोमवार को वे सभी ग्रामीणों को दस्तावेजों के साथ मुख्यालय लेकर आए।

#### जारी किए जाएंगे नोटिस

नो मैपिंग श्रेणी में शामिल सभी 4506 मतदाताओं को नोटिस जारी कर सुनवाई के लिए बुलाया जा रहा है। संशोधन की प्रक्रिया लगातार जारी है। एसआइआर सॉफ्टेयर में मेपिंग किए मतदाताओं में से 2 लाख 93 हजार के करीब नाम त्रुटिवश बाहर कर दिए हैं। इसमें से कुछ को नोटिस जारी किए जाएंगे। ये सुनिश्चित करने का प्रयास किया जा रहा है कि कोई भी पात्र व्यक्ति मतदाता सूची में नाम जुड़ने से वंचित न रहे।
– सोहन कनास, उप जिला निर्वाचन अधिकारी बड़वानी।

#### नोटिस जारी होना शेष

- 2 लाख से अधिक नोटिस जारी होना अभी शेष हैं।

## गणतंत्र दिवस को लेकर बैठक



**निवाली, ( नवभारत )।** गणतंत्र दिवस को लेकर जनपद सभाग्रह में गणतंत्र दिवस मनाने के लिए बैठक हुई। जिसमें जपं परिसर में गणतंत्र दिवस का कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया। कार्यक्रम में निजी एवं शासकीय स्कूलों के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएगी। विभागों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों एवं शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों तथा खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने को सम्मानित किया जाएगा।

कार्यक्रम में जपं सीईओ विरल पटेल, तहसीलदार कार्तिक मोर्य, सीएमओ रूपसिंह सोलंकी, बीईओ विनोद पाटीदार, बीआरसी महेंद्र राठौड़, केतराम ब्राह्मणे, कन्हैया सिसोदिया, जपं अध्यक्ष प्रतिनिधि चतरसिंह पटेल, जपं उपाध्यक्ष पठान किराड़े, रूपेश पीपलोदे, नप अध्यक्ष प्रतिनिधि नरेंद्र सिसोदिया, अखिलेश सोनी, नागरिक एवं जनपद के कर्मचारी उपस्थित थे।

## संभाग स्तर के लिए विद्यार्थियों का चयन

**नवभारत न्यूज़**
**सेंधवा, 21जनवरी.**
नेहरू स्मृति हासे अंग्रेजी माध्यम स्कूल के विद्यार्थियों ने खेलो यूथ गेम्स द्वारा आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिता में क्रिकेट एवं ताइक्वांडो खेल में जिले से संभाग स्तर पर स्थान सुनिश्चित किया।



प्रतियोगिता में जिले के 10 से अधिक ब्लॉक के बच्चों ने सहभाग किया। ताइक्वांडो में राजवीर खेरनार व मंथन चौहान एवं क्रिकेट में वैभव सोहनी ने श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए संभाग पर स्थान बनाया। संस्था अध्यक्ष रविन्द्र सिंह मंडलोई ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनेगी। ताइक्वांडो एक प्राचीन मार्शल आर्ट है, जिसे हर उम्र के लोग पसंद करते हैं। यह बच्चों के लिए शारीरिक रूप से सक्रिय रहने, अनुशासन और सम्मान सीखने, आत्मविश्वास बढ़ाने का एक शानदार तरीका है। वैसे तो सारे खेल को सामाजिक जुड़ाव का एक हथियार माना जाता है, लेकिन क्रिकेट इस मामले में भी अपनी लोकप्रियता और रोमांच के कारण अन्य खेलों से काफी ज़्यादा ही इफेक्टिव है। विद्यार्थियों ने श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए जिले के साथ विद्यालय एवं अपने माता-पिता का भी नाम रोशन किया है।

संस्था प्राचार्य राहुल मंडलोई ने बताया उक्त विद्यार्थी 20 जनवरी को संभाग स्तर इंदौर में प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। जिसमें जिले से चयनित 16 खिलाड़ियों की टीम एवं प्रत्येक जिले से चयनित 16-16 खिलाड़ी सहभाग करेंगे। खेल शिक्षक हिमांशु मालाकार के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में सहभाग किया।

#### इन्होंने दी बधाई

पूर्व अध्यक्ष पीरचंद मित्तल, बीएल जैन, दिलीप कानूनगो, उपाध्यक्ष शैलेष कुमार जोशी, सचिव अशोक कुमार सकलेचा, कोषाध्यक्ष दीपक लालका, सह सचिव मनोज कानूनगो तथा स्टॉफ ने विद्यार्थियों को बधाई दी।

## आनंद उत्सव के तहत हुई प्रतियोगिता



**बड़वानी।** नगर पालिका परिसर में 20 जनवरी को आनंद उत्सव 2026 के उपलक्ष्य में पारंपरिक खेल जैसे नींबू दौड़, कुर्सी दौड़, बोरा दौड़, रस्सा खींच, मटकी फोड़ अन्य खेलों का आयोजन किया गया। जिसमें कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारियो एवं नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष/उपाध्यक्ष एवं पार्षदों द्वारा बढ़-चढ़ कर खेल में अपना पूर्ण उत्साह से प्रतियोगिता में भाग लिया।

एक नजर में

## छायाकार श्रीराम चौहान को राष्ट्रीय सम्मान



इंदौर. कैमरा क्लब के सदस्य श्रीराम चौहान को फेडरेशन ऑफ़ इंडियन फोटोग्राफी इंडिया द्वारा राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित किया गया. श्रीराम चौहान को ईएफआईपी प्रमाण पत्र एवं गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया. यह सम्मान उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए आधार पर प्रदान किया गया. प्रदेश एवं अंतर्राष्ट्रीय कई छायाकारों ने इसमें भाग लिया. उन्हें महेंद्र राठौर, अजय जायसवाल, डॉ शिखा घनघोरिया, डॉ अरविंद घनघोरिया अधिष्ठाता एमजी मेडिकल कॉलेज ने बधाई दी.

## मेड़तवाल बने आईसीएसआई इंदौर चैप्टर के चेयरमैन



इंदौर . इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज़ ऑफ इंडिया (आईसीएसआई) के इंदौर चैप्टर के वर्ष 2026 हेतु चेयरमैन पद पर सीएस अंकित मेड़तवाल का सर्वसम्मति से चयन किया गया है . साथ ही सीएस मनीष जोशी को उपाध्यक्ष एवं सीएस सुरभि अग्रवाल को चैप्टर सचिव नियुक्त किया गया है . नई कार्यकारिणी का कार्यकाल 19 जनवरी से प्रारंभ होकर 18 जनवरी 2027 तक रहेगा . अपने चयन पर आभार व्यक्त करते हुए चेयरमैन सीएस अंकित मेड़तवाल ने कहा कि इंदौर चैप्टर विगत वर्षों से उत्कृष्ट कार्य कर रहा है और वे सदस्यों एवं छात्रों के हित में चैप्टर की सक्रिय भूमिका को और सुदृढ़ करने हेतु सतत प्रयासरत रहेंगे . आईसीएसआई इंदौर चैप्टर की प्रबंधन समिति में अन्य सदस्यों के रूप में सीएस अमित कुमार बारंगे, सीएस हेमंत पाटीदार, सीएस शिवम बघेल, सीएस पलाश जैन, केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य सीएस आशीष करोड़िया तथा क्षेत्रीय परिषद सदस्य सीएस अनुराग गंगराड़े शामिल हैं .

## सोनी पिक्चर्स ने नेतृत्व में किए बड़े फेरबदल

इंदौर . सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया ने आज अपने नेतृत्व ढांचे और कामकाज के मॉडल में अहम बदलावों की घोषणा की है . इन बदलावों का मकसद कंपनी को एक ऐसी एंटरटेनमेंट कंपनी के रूप में स्थापित करना है, जो प्लेटफ़ॉर्म की सीमाओं से मुक्त और बहुभाषी हो, जहाँ सारा ध्यान केवल बेहतरीन कंटेंट पर हो . नए मॉडल के तहत कंटेंट की पूरी कमान को स्पष्ट किया गया है और टीवी चैनलों व सोनी लिव के बीच आपसी सहयोग को तेज़ किया गया है . गौरव बैनर्जी, एमडी एवं सीईओ, सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया ने कहा भविष्य में विकास के अगले चरण को देखते हुए, हमने अपनी कार्यप्रणाली और संगठनात्मक ढांचे की समीक्षा की है, ताकि हमारा ढांचा कंपनी के लक्ष्यों को पूरा करने में सक्षम हो . अब हम अपनी कंटेंट रणनीति को सिर्फ टीवी-केंद्रित सोच से बदलकर टीवी और डिजिटल के एक साझा दृष्टिकोण की ओर ले जा रहे हैं, जिससे दर्शकों को हर प्लेटफॉर्म पर एक सहज और शानदार अनुभव मिलेगा . अपनी टीमों को अधिक अधिकार देकर और आपसी सहयोग को बढ़ाकर, हम पूरे संगठन में फोकस, काम की रफ्तार और उसे लागू करने की क्षमता को बेहतर बनाएंगे .

## मानव स्वास्थ्य में पाम ऑयल की भूमिका पर सेमिनार

इंदौर . पोषण विज्ञान, खाद्य विनियमन, कार्डियोलॉजी और ऑयल टेक्नोलॉजी के प्रमुख विशेषज्ञों ने पाम ऑयल और मानव स्वास्थ्य, पोषण एवं स्थिरता में इसकी भूमिका पर विज्ञान-आधारित चर्चा का आह्वान किया . यह चर्चा हारकोर्ट बटलर टेक्निकल यूनिवर्सिटी, कानपुर में आयोजित मानव स्वास्थ्य, पोषण और स्थिरता में पाम ऑयल की भूमिका- संतुलित सत्य विषय पर आधारित आधे दिन के सेमिनार के दौरान हुई . ऑयल टेक्नोलॉजी विभाग, हारकोर्ट बटलर टेक्निकल यूनिवर्सिटी कानपुर और ऑयल टेक्नोलॉजिस्ट एसोसिएशन ऑफ इंडिया, सेंट्रल जोन द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित इस सेमिनार में पोषण विज्ञान, चिकित्सा अनुसंधान, खाद्य विनियमन, स्थिरता और ऑयल टेक्नोलॉजी के विशेषज्ञों को एक मंच पर लाया गया,



## शास्त्रीय गायिका गुरुषा ने भक्ति गीतों की गंगा बहाई

इंदौर. श्रीनाथ मन्दिर संस्थान में युवा गायिका गुरुषा दुबे का सुमधुर शास्त्रीय गायन हुआ. इस मौके पर गुरुषा ने विभिन्न रागों पर दमदार प्रस्तुति दी. साथ ही भक्ति गीतों की गंगा भी बहाई.

गुरुषा ने शुरूआत में राग रागेश्री पर केंद्रित विलंबित एकताल में बड़ा ख्याल आली री पलक न लागी... और द्रूत तीनताल में बंदिश कहत ना आये बैना... प्रस्तुत किया. इसके बाद राग मधुकौंस में द्रूत तीन ताल की बंदिश कुंज महल में ललना रस भरे...प्रस्तुत कर पूरे वातावरण में समां बांध दिया. गुरुषा ने मीरा, ज्ञानेश्वरी, कबीर आदि संतो के सुमधुर भजन और अभंग भी हिंदी और मराठी भाषा में सुनाएँ. भजनों का क्रम देर तक चला. समापन गोविंद दामोदर स्त्रोत से किया. तबले पर राहुल बेने ने तथा हरमोनियम पर सुयश राजपूत ने संगत दी.

## विद्याधाम में गुप्त नवरात्रि पर 31वें प्रकाशोत्सव का शुभारंभ

- आश्रम की यज्ञ शाला में संग्रहमख ललिताम्बा महायज्ञ प्रारंभ

इंदौर. विमानतल मार्ग स्थित श्री श्रीविद्याधाम पर मंदिर के 31 वें प्रकाशोत्सव का शुभारंभ सोमवार सुबह आश्रम के महामंडलेश्वर स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती के सानिध्य एवं आचार्य पं. राजेश शर्मा के निर्देशन में ध्वजारोहण, गणेश पूजन, पंचाग कर्म एवं भगवती मां पराम्बा के षोडशोपचार पूजन के साथ हुआ. 20 जनवरी से आश्रम स्थित यज्ञशाला में संग्रहमख ललिताम्बा महायज्ञ में स्वाहाकार की मंगल ध्वनि प्रारंभ हो जाएगी, जिसमें 31 विद्वान प्रतिदिन सुबह 9.30 बजे से दोपहर 1 बजे तक शहर, समाज एवं राष्ट्र में सुख, शांति एवं सद्भावना की कामना से आहुतियां समर्पित करेंगे.



गुप्त नवरात्रि के उपलक्ष्य में प्रतिदिन भगवती का नूतन श्रृंगार भी होगा. आश्रम परिवार के सुरेश शाहरा, पं. दिनेश शर्मा एवं राजेंद्र महाजन ने बताया कि ब्रह्मलीन महामंडलेश्वर एवं आश्रम के संस्थापक स्वामी गिरिजानंद सरस्वती 'भगवन' की प्रेरणा से इस अनुष्ठान में भगवती के एक हजार नामों से ललिताम्बा महायज्ञ में प्रतिदिन आहुतियां समर्पित की जाएंगी. 11 विद्वान यज्ञकर्म का संचालन करेंगे. महायज्ञ में आश्रम के 31 विद्वान शामिल होंगे. सोमवार को महामंडलेश्वर स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती ने यज्ञ शाला एवं यज्ञ कुंडों का पूजन कर महायज्ञ का शुभारंभ किया.

#### नौकाविहार 25 को

आश्रम से जुड़े रमेश राठोर, संजय पंडित एवं रमेश पसारी ने बताया कि 25 जनवरी को सुबह 9.30 बजे से पूज्य भगवन के श्री विग्रह एवं पादुका पूजन अभिषेक एवं आरती तथा शाम 6 बजे नर्मदा जयंती के उपलक्ष्य में नर्मदा के पवित्र जल में माँ का नयनाभिराम नौकाविहार होगा। नौकाविहार की जीवंत झांकी भी श्रृंगारित की जाएगी. 26 जनवरी को शाम 6 बजे से माँ का भव्य पुष्प बंगला श्रृंगारित होगा.

## डॉक्टर बूलाकर की 8 कृतियों का लोकार्पण



इंदौर. आशा पूर्णा में डूब कर स्वयं बूलाकर आशापूर्णा हो गई है. बांग्ला और हिंदी की सबसे सुविख्यात, रचनाकार आशापूर्णा देवी की 225 कृतियां के साहित्य जगत रूपी सागर से मोती चुनकर सात कृतियों में साहित्य प्रेमियों के समक्ष अनुपम कृतियां डॉक्टर बूलाकर ने प्रस्तुत की हैं. आशापूर्णा देवी की कहानियां एक ओर जहां असहाय नारी की विडंबना को शक्ति प्रदान करती हैं वहीं अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाती हैं. उक्त उद्गार बतौर मुख्य अतिथि सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय उज्जैन के कुलानुशासक डॉ शैलेंद्र शर्मा ने हिंदी परिवार इंदौर द्वारा आयोजित डॉक्टर बुलाकर की आठ कृतियों के लोकार्पण अवसर पर व्यक्त किये. अध्यक्षता कर रहे समिति के सभापति सत्य नारायण सत्तन ने कहा कि जब तक साहित्य आमजन से नहीं जुड़ता उसे साहित्य नहीं माना जा सकता. डॉक्टर बुलाकार, आशा पूर्णा में ऐसी डूबी कि स्वयं आशा पूर्णा हो गई. समिति के प्रधानमंत्री अरविंद जवलेकर ने कहा कि कृतियां बहुत ही अनमोल धरोहर हैं डॉ. गरिमा दुबे ने कहा कि हिंदी की स्वरूप की कविताएं जहां गंभीर है वहीं अनुवाद भावपूर्ण व्याकरण सहित किया गया है. डॉक्टर बूलाकार ने आशा पूर्णा,देवी की जीवन पर और लेखन पर कलम क्यों चलाई अपने विचाररखें. संचालन हिंदी परिवार के अध्यक्ष हरे राम बाजपेई ने किया. आभार सचिव संतोष मोहंती ने माना. अतिथियों का स्वागत सदाशिव कौतुक प्रभु त्रिवेदी विनीता सिंह चौहान देवेंद्र सिसोदिया दामिनी सिंह ठाकुर डॉ रमेश चंद्र एवं मुकेश इंदौरी ने किया.



## क्रेडाई इंदौर का चार दिवसीय प्रॉपर्टी शो 23 से

इंदौर. रियल एस्टेट डेवलपर्स की देशभर में प्रतिष्ठित क्रेडाई संस्थान के इंदौर चैप्टर द्वारा चार दिवसीय प्रॉपर्टी शो का आयोजन 23 से 26 जनवरी को एमआर-10, बाइपास पर सी 21 ग्राउंड पर किया जाएगा. इस बहुप्रतीक्षित प्रॉपर्टी शो में 50 से अधिक डेवलपर्स की शिरकत रहेगी. इसके साथ ही रियल एस्टेट के 200 से अधिक प्रोजेक्ट्स के विकल्प कई अतिरिक्त ऑफर्स यहां उपलब्ध रहेंगे.

क्रेडाई इन्दौर के चेयरमैन विजय गाँधी ने बताया कि क्रेडाई प्रॉपर्टी शो में शहरवासियों की पसंद एवं बजट को विशेष महत्व दिया जाएगा. यहां लक्ज़ीरियस लिविंग ऑप्शन्स एवं किफायती होम्स की आकर्षक रेंज प्रदेश के प्रतिष्ठित बिल्डर्स द्वारा प्रस्तुत की जाएगी. क्रेडाई इंदौर के प्रेसिडेंट संदीप श्रीवास्तव ने बताया कि, क्रेडाई द्वारा प्रॉपर्टी शो अपने आप में एक अनोखा इवेंट है. प्रॉपर्टी के विविध ऑप्शंस के साथ यहां शहरवासियों के लिए उनके सपनों को साकार करने हेतु फाइनेंस सम्बन्धी सुविधाएँ भी उपलब्ध रहेंगी. सबका अपना घर हो इस उद्देश्य से आयोजित इस प्रॉपर्टी शो में हमे यह विश्वास है कि ग्राहकों को उनके पसंद की प्रॉपर्टी जरूर मिलेगी. क्रेडाई इंदौर के सेक्रेटरी सुमित मंत्री ने कहा, कि विजिटर्स के लिए विशेष लकी ड्रा भी रखा गया गया है जिसमें की हर 3 घंटे में एक भाग्यशाली विजेता को मिलेगा शानदार आई पैड. क्रेडाई टीम ने बताया की क्रेडाई फेयर के दौरान ही सेमिनार हॉल में विशेष कॉन्क्लेव होंगे, इनका लक्ष्य इंदौर व मध्य प्रदेश के सभी क्रेडाई (कंफेडरेशन ऑफ रियल इस्टेट डेवलपर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया) सदस्यों को अपनी बात रखने के लिए एक कॉमन प्लेटफार्म उपलब्ध करवाना है। कॉन्क्लेव में सभी सदस्यों द्वारा पेनल डिस्कशन किया जायेगा, साथ ही इंडस्ट्री के सभी विशेषज्ञ अपने अनुभव साँझा करेंगे।

एक नजर में

### झंडा ऊंचा रहे हमारा अभियान के तहत सन्मति स्कूल में तितलियों पर बच्चों ने की पर्यावरणविदों से दिलचस्प बातचीत

## तितलियों को बचाने कीटनाशक का प्रयोग बंद करें, तभी पर्यावरण बचेगा

नवभारत न्यूज
इंदौर. तितली के पंखों पर रंग जमे हुए होते हैं. तितली के जिंदा रहने के लिए पत्तियों का होना बहुत आवश्यक है, हालाँकि तितलियाँ फूलों के आसपास पाई जाती हैं और फूलों से ही वे पराग लेती हैं. यदि हम अपने घर में आम, अरंडी, कड़ी पत्ता,



आंकड़ा, सीताफल और इमली के पौधे लगाएं तो हमारे घर-आंगन में भी तितलियाँ मंडराती नजर आ सकती हैं. इन नन्हे जीवों को बचाने के लिए पौधों में कीटनाशक डालने की प्रवृत्ति बंद करना होगी तथा प्रदूषण भी कम करना होगा तभी हम पर्यावरण में सुधार कर सकते हैं.

शहर के पर्यावरणविद डॉ. किशोर पंवार ने सोमवार को संस्था सेवा सुरभि की मेजबानी में नवलखा रेसीडेंसी एरिया स्थित सन्मति हा.से. स्कूल के सभागृह में 'झंडा ऊँचा रहे हमारा' अभियान के तहत 'पर्यावरण में पेड़ और तितलियों का संबंध' विषय पर बच्चों से बातचीत और परिचर्चा के दौरान ऐसी अनेक दिलचस्प जानकारियां साझा की. उन्होंने प्रोजेक्टर की मदद से पर्दे पर तितलियों से जुड़ी जानकारियां भी प्रदर्शित की. इस अवसर पर पर्यावरणविद डॉ. ओपी जोशी ने भी प्रकृति और पर्यावरण पर केन्द्रित अपनी बात कही.